inext
दैनिक जागरण, Jamshedpur, 29 June 2024

# टीसीएस समेत अन्य कंपनियों में 12 सेलेक्ट

PIC: DAINIK JAGRAN I NEXT



**JAMSHEDPUR (28 June):** नेताजी सुभाष विश्वविद्यालय (एनएसयू) की प्लेसमेंट इकाई की ओर से विश्वविद्यालय के कंप्यूटर एप्लीकेशन विभाग में कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया. इसमें आईटी क्षेत्र की बहुप्रतिष्ठित कंपनी टीसीएस, डेलॉयट, रिग्रो टेक इंडिया, पिक इंफोकॉम शामिल हुई. इन कंपनियों ने छात्र-छात्राओं का एसोसिएट साफ्टवेयर टेस्ट इंजीनियर, साफ्टवेयर डेवलपर, एसोसिएट एनालिस्ट के पद पर चयन किया है. कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव में बीसीए व एमसीए अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राएं शामिल हुए. इनमें से 12 छात्र-छात्राओं ने रोजगार प्राप्त करने में सफलता हासिल की. चयनित सभी विद्यार्थियों को प्रशिक्षण अवधि के दौरान औसतन 3.5 लाख का वार्षिक वेतनमान प्राप्त होगा. प्रशिक्षण पूरा होने के बाद इनकी दक्षता एवं कार्य दायित्व के अनुसार वेतन वृद्धि की जाएगी. चयनित विद्यार्थियों में सृष्टि आर्या, मुस्कान, ओवैस, आरिफ अंसारी, अकांक्षा कुमारी, दिपेश साव, प्रोतिमा कुंभकार, निशांत बोरकर, अश्विनी कुमार, ज्योति एवं जावेद का नाम शामिल है. छात्र-छात्राओं की इस सफलता पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव नागेंद्र सिंह ने उन्हें बधाई दी है. कहा कि अपने विद्यार्थियों की प्रतिभा निखारने में विश्वविद्यालय प्रशासन और संकाय सदस्यों का योगदान सराहनीय है.